# स्कूटी की डिक्की से दो किलो गांजा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछौली में गांजा का अवैध परिवहन स्कू टी के माध्य म से किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्कू टी चालक को रोकते हुए स्कूछटी की डिक्की की जांच की गई। जहां डिक्की से 2 किलो गांजा मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी सुरेश यादव पिता स्व. तुलसी प्रसाद यादव उणअर 40 वर्ष निवासी ग्राम लोहसरा के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया ।

मामले की जानकारी देते हुए बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर लोहसरा से ग्राम बछौली तरफ आने वाला है । जो अपने स्कूकटी की डिक्की में अवैध मादक पदार्थ गाँजा लेकर जा रहा है।

सूचना मिलते ही ग्राम बछौली में घेराबंदी की गई, जहां सुरेश यादव पिता स्व. तुलसी प्रसाद यादव अपनी स्कूटी क्रमांक स्क65स6305 से अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते हुए मौके पर पाया गया। जिसके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ । जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्या यालय में पेश किया गया।



# होटल, ढाबा संचालकों को भेजा नोटिस, हाईवे पर न खड़ा होने दें भारी वाहन

**अनूपपुर, देशबन्धु।** सड़क दुर्घटनों को कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तहत यातायात हाईवे चौकी द्वारा हाईवे पर संचालित सभी होटल /ढाबा संचालकों को नोटिस जारी कर अपील की गई है, कि उनके प्रतिष्ठान में आने वाले ग्राहको के वाहन हाईवे पर खड़ा ना कराए।

दरअसल हाईवे पर खड़े वाहन दुर्घटना का कारण बनते है एवं यातायात भी अवरुद्ध होता है । इन्ही कारणों को समाप्त करने एवं हाईवे पर संचालित होटल/ढाबा संचालको की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए नोटिस दिया गया।



**सड़क दुर्घटनाओं को रोकने किया जा रहा प्रयास, आदेश न मानने पर होगी कार्रवाई**

# अवैध कोयले से भरा वाहन जब्त, मामला दर्ज

**अनूपपुर, देशबन्धु।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कू ल भाद के पास पुलिस ने रेड कार्यवाही कर पिकअप क्रमांक एमपी 65 जीए 1060 में अवैध तरीके से कोयला लोड़ कर उसका परिवहन किए जाने पर पकड़ते हुए आरोपी पिकप चालक सागर कुमार मिश्रा पिता जमुना प्रसाद मिश्रा उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मौहरी (थानगांव) थाना बिजुरी के विरूध धारा 303(2), 317(5), 4/21 खान खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

मामले की जानकारी देते हुए भालूमाड़ा थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि 28 फरवरी की रात लगभग 10 बजे मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम भाद में चोरी के कोयला का पिकअप के माध्य म से परिवहन किया जा रहा है, जहां सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं अतिरिक्ता पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूररी के निर्देशन एवं एसडीओपी कोतमा आरती शाक्यी के मार्गदर्शन में टीम गठित कर रेड़ कार्यवाही की गई।



कार्यवाही के दौरान शासकीय हाई स्कूमल भाद में उक्तय पिकअप वाहन को रोका गया, जांच के दौरान पिकअप वाहन में 1.012 टन कीमती 10 हजार को कोयला लोड़ मिला।

उसे जब्तो करते हुए कोयला लोड़ पिकअप वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए आरोपी चालक सागर कुमार मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मामले को विवेचना में लिया गया है।

## सार-समाचार

### बोर्ड परीक्षा के निरीक्षण दल को प्रतिवेदन मंडल के ऐप पर अपलोड करने जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी व अन्य परीक्षायें सत्र वर्ष 2024-25 दिनांक 25 एवं 27 फरवरी से प्रारम्भ हो चुकी हैं । परीक्षा निरीक्षण दल के दायित्व के अनुसार प्रत्येक दल को जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में से प्रतिदिन कम से कम 4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जाकर प्रत्येक दल को परीक्षा तिथियों में निरीक्षण उपरान्त निरीक्षण संबंधी समस्त जानकारियों मण्डल के पोर्टल एवं ऐप पर अपलोड किये जाने के निर्देश हैं। इसके पालन के संबंध में जिला पंचायत सीईओ तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने परीक्षा निरीक्षण दलो को निर्देशित किया है।

### शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर ने तीन घंटे का रेस्क्यू कर गाय को कुएं से निकाला बाहर

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्या लय से 4 किमी दूर स्थित ग्राम हर्री में शनिवार की सुबह 7 बजे कुएं में गाय गिरने की सूचना मिली, जहां सूचना मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें प्रमुख रूप से बृजेश राठौर, राहुल अग्रहरि, सूरज राठौर, प्रथमेश केशरवानी, मनीष गौतम, प्रदीप सिंह श्याम, सुशील राठौर, मनीष राठौर, अंश गुप्ता, लोकनाथ, प्रभात राठौर, धर्मेंद्र राठौर सहित संगठन के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी के सहयोग से गौ माता को सही सलामत बाहर निकाला गया और यह 3 घंटे का विशेष रेस्क्यू किया गया एवं गौ माता के सीघ में चोट आई थी, जिसका प्राथमिक उपचार भी किया गया ।



### एनएसएस का राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर सम्मेलन आज से अमरकंटक में

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर/ सम्मेलन 2 से 8 मार्च तक जिले के पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित किया जा रहा है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के संगठन व्यवस्था अंतर्गत अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के अमरकंटक के मेला ग्राउंड में आयोजित शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना युक्त विश्वविद्यालयो से लगभग 600 छात्र- छात्राएं एवं एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी, जिला संगठक भाग लेंगे। शिविर के दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता जागरूकता, सोखता गड्ढे का निर्माण, स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, मतदाता जागरूकता, आदि अन्य श्रमदान एवं स्थानीय कार्य व्यवस्था अनुसार जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ बौद्धिक सत्र में विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अमरकण्टक मे राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर की व्यवस्थाओ के संबंध मे सर्व सम्बंधितो को निर्देशित किया है।

### अब 15 मार्च से होगी गेहूं खरीदी

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार अब रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य संपूर्ण प्रदेश में एक साथ 15 मार्च से 5 मई तक किया जाएगा। पूर्व में संभागवार गेहूं उपार्जन की पृथक तिथि निर्धारित की गई थी। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए कृषक आगामी 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

### स्वैच्छिक संगठनों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं का जिला स्तर पर जिला पंचायत सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र के मुख्य आतिथ्य में गत दिवस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिले में विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओ ने भाग लिया। इस अवसर पर जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक आनन्द पाण्डेय ने स्वैच्छिक संगठनो को इस सार्वजनिक मंच के माध्यम से संवाद का अवसर प्रदान किया। इस दौरान संगठनों ने अपने कार्यक्षेत्र एवं चुनौतियों के साथ प्रशासन से अपेक्षायें विषय पर चर्चा की। प्रदान संस्था से कुंदन कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यशाला में प्रत्येक तीन माह में न्यूनतम एक बैठक की आवश्यकता बतायी गई, जिससे सक्रिय कार्य को जिला स्तर पर साझा करने में मदद मिले। प्रशिक्षण के उपरांत सभी संस्थाओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# रमेश तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर वालीबॉल संघ ने दीं शुभकामनाएं



**अनूपपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण केंद्र चचाई में 37 वर्ष की गौरवमई एवं उत्कृष्ठ सेवा पूर्ण कर 28 फरवरी शुक्रवार को जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष रमेश तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन विद्युत वितरण केंद्र चचाई में किया गया।

जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा एवं सभी पदाधिकारियो के मार्गदर्शन में जिला वालीबाल संघ के सचिव रामचंद्र यादव एवं जिला वालीबाल संघ के सहसचिव स्टेट रेफरी नेशनल ट्रेनर दिनेश कुमार चंदेल द्वारा उक्त विदाई कार्यक्रम में रमेश तिवारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

भविष्य में दीर्घायु बने रहने और उनके सपने को साकार करने में मदद के साथ ही वॉलीबॉल के क्षेत्र में अपना पूर्ण सहयोग करने तथा समय के सदुपयोग और खेल के क्षेत्र में बने रहने की बात कहते हुए संघ के सभी पदाधिकारियो ने सेवानिवृत्त रमेश तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# अनूपपुर में आयोजित होगा वैश्य समाज का महाकुंभ

**अनूपपुर, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन की प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक 22 एवं 23 मार्च को अनूपपुर में आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से वैश्य समाज के प्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए 14 फरवरी को एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें बैठक की रूपरेखा और कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल संभाग प्रभारी संदीप अग्रवाल, अनूपपुर जिला प्रभारी राधा राम वैश्य, जिलाध्यक्ष हरिओम ताम्रकार, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, महिला इकाई संभाग प्रभारी सत्यभामा गुप्ता, सह संभाग प्रभारी शशि गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष शांति गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष नीतू सोनी, जिला महामंत्री पार्वती सोनी, शहडोल जिला प्रभारी महिला निर्मला गुप्ता, तहसील अध्यक्ष अनूपपुर आरती ताम्रकार, महिला जिला प्रभारी पारुल अग्रवाल, शहडोल जिलाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, बबलू गुप्ता, रामप्रसाद गुप्ता, दिनेश खेमका, अमित गुप्ता, शिव सराफ, मनीष गुप्ता, मीना केशरवानी, संरक्षक कैलाश जैन, कार्यक्रम संयोजक मुकेश जैन, राजकमल गुप्ता, महेश गुप्ता, श्याम गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय** - बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोजन में शामिल होने वाले लगभग 200 अतिथियों के ठहरने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं को भव्य और व्यवस्थित ढंग से किया जाएगा। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान देवी मढिया मंदिर और दुर्गा मंदिर में एकत्रित होकर नगर के प्रमुख मार्गों से शाम 4 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में वैश्य समाज के सभी घटक शामिल होंगे, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा, बैंड-बाजे और धार्मिक झांकियों का समावेश रहेगा। शोभायात्रा के दौरान नगर के प्रमुख मार्गों को सजाया जाएगा और समाज के सदस्य जनजागरण का संदेश देंगे।



**22 एवं 23 को होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

**विशेष कार्यक्रमों का आयोजन** = बैठक में आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, अनूपपुर जिलाध्यक्ष सम्मेलन एवं परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। परिचयात्मक कार्यक्रम में समाज के नए सदस्यों का परिचय कराया जाएगा और उनकी क्षमताओं एवं योगदान पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आगामी गतिविधियों की योजना बनाई जाएगी। इससे पहले 30 जनवरी को बिना जिला सागर में कोर ग्रुप की बैठक होगी, जिसमें वैश्य महासम्मेलन के नए प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के नेतृत्व में आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के सभी संभागों के प्रमुख प्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज के विकास के लिए नई रणनीतियां बनाई जाएंगी।

**वैश्य समाज के सभी सदस्यों से शामिल होने का आह्वान** - बैठक में शहडोल, ब्यौहारी, उमरिया, डिंडौरी, अनूपपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों के आजीवन सदस्यों से 22 मार्च को अनूपपुर सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए सभी जिलों में संपर्क अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिकतम संख्या में सदस्य इस आयोजन में शामिल हो सकें। वरिष्ठ पदाधिकारी पदम खेमका ने बताया कि बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, यह आयोजन समाज की एकता, समर्पण और संगठन शक्ति का परिचायक होगा। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की, ताकि समाज के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस आयोजन के माध्यम से समाज के युवा, महिलाएं और वरिष्ठ सदस्य एक साथ मिलकर समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में योगदान देंगे।

# फुनगा एवं पसान में कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्योक्ष का किया स्वागत

**राष्ट्रहित में कार्य कर रही है भाजपा : हीरा सिंह श्याम**

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** जिले के फुनगा एवं पसान मंडल में भाजपा के नए जिलाध्याक्ष हीरा सिंह श्याम का भव्य स्वागत भाजपा के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया। फुनगा मंडल में आयोजित मंडल प्रभारी रामअवध सिंह तथा अध्यक्ष मुकेश पटेल के नेतृत्व में स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वही शाम 4 बजे जमुना बंकिम बिहार में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी एवं नपाध्यकक्ष पसान रामअवध सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में जिलाध्ययक्ष हीरा सिंह श्याम का स्वागत हुआ। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यनक्ष रामदास पुरी, उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह, जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, जिला मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, जिला मंत्री दुर्गावती पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यतक्ष श्याम नारायण शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक लाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह सहित भाजपा पसान मंडल के सभी कार्यकर्ता एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरासिंह श्याम ने नगर पालिका परिषद पसान के जमुना कालरी बंकिम बिहार में आयोजित स्वागत सम्मान समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में कार्य करने वाला हर एक कार्यकर्ता पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करें । पार्टी हर कार्यकर्ता की चिंता करती है, जिसके हम प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर हम निवास करते हैं, जहां से पार्टी हमें उठाकर आज जिले का अध्यक्ष बना दी है । कार्यकर्ता के कामों का आकलन कहीं ना कहीं कोई बैठा हुआ कर रहा है कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता को पार्टी मौका देगी, ऐसे अनेक उदाहरण हमारे देश प्रदेश में अनेकों मौजूद हैं। राष्ट्र प्रेम, समाज प्रेम ना होता तो आज हम भाजपा से ना जुड़ते, राष्ट्रहित में भारतीय जनता पार्टी कार्य कर रही है । हम सौभाग्यशाली हैं जो राष्ट्रहित में अपनी सेवा दे रहे है।



# स्वैच्छिक संगठनों का जिलास्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** समृद्धि योजनान्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन अभियान परिषद समाजसेवा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहा है एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में सहायता कर रहा है।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र मे जिला समन्वयक द्वारा प्रशिक्षण का उद्देश्य परिषद का परिचय, साथ ही परिषद द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में जी.एस हितकारिणी संस्था कोतमा के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं महत्वपूर्ण पंजीयन, दस्तावेजीकरण, तृतीय सत्र में हार्ड संस्था कोतमा के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने स्वैच्छिक संगठनों के महत्वपूर्ण अधिनियमों में पंजीयन के बारे में, चतुर्थ सत्र में प्रणाम नर्मदा युवा संघ अमरकंटक के अध्यक्ष विकास सिंह चंदेल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रावधान के बारे में जानकारी दी गई।




इसी तरह पांचवें सत्र में भारत राठौर ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदर्श ग्राम की परिकल्पना को वास्तविकता में बदलने के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। छठे सत्र में जिला समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण जिला पंचायत अनूपपुर संदीप शुक्ला ने सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण एवं प्रभाव का आकलन एक प्रक्रिया है जिसमें किसी संगठन या परियोजना के सामाजिक प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल तथा अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष सुनील चौरसिया, रश्मि खरे, नगर परिषद बरगवां के उपाध्यक्ष राज तिवारी, सत्यनारायण सोनी सहित प्रस्फुटन समिति सदस्य, नवांकुर समिति सदस्य सहित अन्य सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 02 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र- उ.भा.।**

**मेष** - आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** - सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** - आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। क-

**कर्क** - व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** - प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** - आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** - नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** - निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** - आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** - कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** - आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** - आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.